भीड़-भाड़ | त्योहारों का मौसम आते ही घरों की ओर उमड़ी प्रवासी मजदूरों की भीड़

# स्टेशन पर दिखा मेले जैसा नजारा




**जबलपुर, नवभारत।** काम की तलाश में घर से दूर निकले प्रवासी मजदूर अब त्योहारों की आहट के साथ अपने घरों की ओर लौटने लगे हैं। शहर और आसपास के इलाकों में रोजी-रोटी के लिए काम कर रहे बड़ी संख्या में मजदूर ट्रेनों के जरिए उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल की ओर रवाना हो रहे हैं।

किसी के कंधे पर सामान की गठरी है तो किसी के हाथ में बच्चों की उंगली, वहीं कई परिवार जरूरी सामान समेटकर लंबी यात्रा के लिए स्टेशन पहुंचे। त्योहारों का मौसम इन मजदूरों के लिए घर लौटने की सबसे बड़ी वजह बना है, जबकि कई ऐसे भी हैं जो काम की तलाश में एक शहर से दूसरे शहर जाने के बाद अब कुछ दिनों के लिए परिवार के बीच लौट रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर बढ़ती भीड़ देखकर साफ नजर आ रहा है कि हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले इन परिवारों को त्योहार अपने गांव-घर की मिट्टी तक खींच लाई है।

### फुटओवर ब्रिज, प्रवेश द्वार और प्रतीक्षालय तक लोग

प्लेटफॉर्म पर कदम रखने से लेकर ट्रेन आने तक हर तरफ घर लौटने की जल्दी दिखाई दी। सामान्य दिनों की तुलना में यात्रियों की संख्या बढ़ने से स्टेशन के प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, प्रवेश द्वार और प्रतीक्षालय तक लोगों से भरे नजर आए। बड़ी-बड़ी गठरियां, बैग, बच्चों का सामान और जरूरी घरेलू वस्तुएं लेकर मजदूर परिवार ट्रेनों का इंतजार करते दिखे। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही यात्रियों में पहले सवार होने की होड़ भी नजर आई। कोई खिड़की के पास जगह तलाशता दिखा तो कोई परिवार के सभी सदस्यों को एक साथ बैठाने की जद्दोजहद करता रहा। भीड़ के बीच बच्चों की चहलकदमी, सामान संभालते परिजन और ट्रेन का इंतजार करते यात्रियों की कतारों ने स्टेशन के माहौल को ऐसा बना दिया मानो रेलवे परिसर में कोई छोटा सा मेला सज गया हो।

### चेहरे पर यात्रा की थकान

रोजगार की मजबूरी से निकले कदम अब त्योहार की खुशी में घर की राह पकड़ चुके हैं। कई मजदूरों के लिए त्योहार केवल छुट्टी का अवसर नहीं, बल्कि महीनों बाद माता-पिता, पत्नी, बच्चों और अपने गांव-समाज के बीच पहुंचने का मौका है। इसी उम्मीद के साथ लोग टिकट और सामान लेकर स्टेशन पहुंच रहे हैं और उपलब्ध ट्रेनों में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या का असर स्टेशन की व्यवस्थाओं पर भी दिखाई दे रहा है, वहीं ट्रेनों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ नजर आ रही है। चेहरे पर यात्रा की थकान जरूर है, लेकिन घर पहुंचने की खुशी उससे कहीं ज्यादा है। स्टेशन से गुजरती हर भीड़ में एक कहानी है— किसी की रोजी-रोटी की, किसी की मजबूरी की और किसी की त्योहार पर अपनों के बीच लौटने की।



# एक्सपायर्ड कार्ड लेकर स्टेशन पर कर रहे थे वेंडिंग

**17 पर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई**

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन पर अनधिकृत वेंडिंग पर लगाम कसने के लिए विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट के निर्देश पर शुक्रवार को आरपीएफ, जीआरपी और वाणिज्यिक विभाग ने संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चलाया। टीम ने जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म, यात्री प्रतीक्षालय और अन्य प्रमुख हिस्सों में पहुंचकर वेंडरों के अधिकृत पहचान-पत्र और उनकी वैधता की जांच की।

इस दौरान कई वेंडर रेलवे के निर्धारित नियमों के विपरीत सामान बेचते मिले। जांच में 17 वेंडर ऐसे पाए गए, जिनके पास वैध अधिकृत कार्ड नहीं था अथवा उनके कार्ड की अवधि समाप्त हो चुकी थी। बिना वैध अनुमति के स्टेशन परिसर में वेंडिंग करते पकड़े गए इन सभी वेंडरों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अभियोजन की कार्रवाई की गई।

### अनधिकृत वेंडरों से सामान नहीं लेने की अपील

रेलवे परिसर में वेंडिंग की अनुमति केवल वैध पहचान-पत्र और निर्धारित प्राधिकरण वाले वेंडरों को ही है। इसके बावजूद एक्सपायर्ड कार्ड अथवा बिना अधिकृत कार्ड के यात्रियों को सामान बेचने की गतिविधियां सामने आने पर संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। रेलवे प्रशासन का कहना है कि अभियान का उद्देश्य केवल अनधिकृत वेंडिंग रोकना ही नहीं, बल्कि यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और निर्धारित मानकों के अनुरूप सेवाएं उपलब्ध कराना भी है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे खाद्य सामग्री अथवा अन्य सामान केवल अधिकृत वेंडरों से ही खरीदें और संदिग्ध अथवा अनधिकृत वेंडिंग की जानकारी तत्काल रेलवे अधिकारियों, आरपीएफ या जीआरपी को दें। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि स्टेशन पर नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ इस तरह की संयुक्त जांच आगे भी जारी रहेगी।

# अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे ननि के कैश काउंटर

**30 तक संपत्ति कर में मिलेगी 6.25 प्रतिशत की छूट**



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम ने करदाताओं को कर भुगतान में सुलभता प्रदान करने और समय पर छूट का लाभ पहुँचाने के लिए करदाता-हितैषी निर्णय लिया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि आगामी अवकाश दिवसों में भी नगर निगम के कैश काउंटर पूरी तरह चालू रहेंगे, ताकि करदाताओं को कर जमा करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

विदित हो कि शहर के नागरिकों को समयबद्ध तरीके से संपत्ति कर जमा करने पर 6.25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। इस रियायत का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने करदाताओं से समय सीमा का ध्यान रखते हुए इस आकर्षक छूट का अधिक से अधिक लाभ उठाने अपील की है। इसके साथ ही, समाज के सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों का ध्यान रखते हुए नगर निगम ने जल शुल्क में 25 प्रतिशत की बड़ी छूट देने का भी प्रावधान किया है।

इस कदम से शहर के बुजुर्गों को सीधा आर्थिक संबल मिलेगा। छुट्टियों के दिनों में भी कैश काउंटर खुले रहने से कामकाजी व अन्य नागरिक बिना किसी हड़बड़ी के अपना कर जमा कर सकेंगे।

## सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण, विवि की महत्वपूर्ण पहल

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में ऊर्जा संरक्षण एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सी.ए. अखिलेश जैन, कोषाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. राखी वैश्य, निदेशक फार्म डॉ. बी. रॉय, डीन फैकल्टी डॉ. एस. घोष, सहायक कुलसचिव डॉ. रामकिंकर मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चाकूबाजों का निकला जुलूस, फरारी कटवाने वाला भी बना आरोपी

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत गांधी चौक में सिरगेट के पैसे मांगने पर उपजे विवाद पर युवक को चाकू मारने वाले दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों का पुलिस ने जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपी कान पकड़कर दोबारा अपराध न करने की कसम भी खाते नजर आए। आरोपियों को फरारी कटवाने वाले दोस्त को भी आरोपी बनाया गया है।



टीआई उमेश कुमार गोल्हानी ने बताया कि 29 अगस्त शनिवार रात लगभग 8:30 बजे गांधी चौक स्थित श्रीपाल किराना दुकान में सिगरेट एवं खाने-पीने की सामग्री के पैसे नहीं देने को लेकर दुकानदार अभिषेक श्रीपाल पिता अनिल श्रीपाल, 20 वर्ष का आरोपियों से विवाद हो गया था। आरोपी नितिन साहू, शिवा समुद्रे एवं राज चौधरी द्वारा अभिषेक के साथ मारपीट की गई थी। चाकू से पेट में वार कर जानलेवा हमला किया गया था। मुख्य आरोपी नितिन साहू पिता महेंद्र साहू, 20 वर्ष, निवासी मानेगांव रांझी को 30 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया था। नितिन साहू के विरुद्ध पूर्व से मारपीट एवं आर्म्स एक्ट सहित 5 प्रकरण दर्ज हैं। फरार आरोपी राज चौधरी पिता विशाल चौधरी, 18 वर्ष, निवासी गांधी चौक मानेगांव को परशुराम कुंड एवं शिवा राणे, 19 वर्ष, निवासी गांधी चौक मानेगांव को चाकू सहित व्हीकल स्टेट क्षेत्र से पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

### चांदमारी में काट रहे थे फरारी

पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी घटना के बाद पिछले दो दिनों से चांदमारी घमापुर निवासी अपने दोस्त निखिल गोटिया के घर पर शरण लेकर फरारी काट रहे थे। पुलिस जांच में आरोपी निखिल गोटिया द्वारा फरार आरोपियों को अपने घर पर आश्रय देने की जानकारी सामने आने पर प्रकरण में धारा 249 बीएनएस का इजाफा करते हुए निखिल गोटिया को भी आरोपी बनाया गया जिसकी तलाश की जा रही है।

## एक नजर में



### सुप्तेश्वर गणेश मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

**जबलपुर।** रतन नगर स्थित श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर का स्थापना दिवस धार्मिक उल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती इंदु तिवारी परिवार द्वारा विधि-विधान से महाआरती की गई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में श्री सुप्तेश्वर विकास समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं रात्रि में मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मुख्य यजमान श्रीमती आशा अशोक शर्मा परिवार की ओर से भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। भक्तों ने देर रात तक भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा और रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मप्र के कार्यसमिति सदस्य बने डॉ. रवि महोबिया



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सहमति और भाजपा जिला जबलपुर ग्रामीण अध्यक्ष राज कुमार पटेल की अनुशंसा से भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष भगमान सिंह परमार ने पूर्व जनपद पंचायत कुण्डम अध्यक्ष और शासकीय कॉलेज कुण्डम जनभागी समिति अध्यक्ष डॉ. रवि महोबिया (राम) को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा मध्य प्रदेश का कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया है।

# नेशनल हाईवे में लूट करने वाले 3 शातिर आरोपी गिरफ्तार

**क्राइम ब्रांच-माढ़ोताल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**



**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच एवं माढ़ोताल पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर नेशनल हाईवे में लूट व रंगदारी मांग कर मारपीट करने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिनके कब्जे से लूटे हुये रूपयों में से नगद 1500 रूपये, लूटी हुयी मोटर सायकल, घटनाओं में प्रयुक्त मोटर सायकल व एक्सिस जप्त की गई।

पुलिस कंट्रोल रूम में लूट का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. आयुष जाखड़ ने बताया कि 31 अगस्त को संजू ठाकुर 22 वर्ष निवासी भेड़ाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मूर्तिकार है दिनांक अंधमूक तरफ जाने वाली सर्विस रोड सीमेण्ट गोदाम के पास शाम लगभग 7 बजे तभी स्कूटी तीन लड़के आये और उसकी चलती हुयी मोटर सायकल में लात मारे जिससे वह एवं उसके मामा गिर गये, तीनों ने घेर कर उसके पास रखे 7 हजार रूपये, मामा संजू से 1500 रूपये छीन लिये, विरोध करने पर मारपीट की। इसी प्रकार 19 अगस्त को सत्यम कोष्टा 23 वर्ष निवासी नर्मदा नगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राधाकृष्ण नेत्रालय के पास अज्ञात तीन लडके ने हमलाकर मारपीट की है।

पुलिस ने दोनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर मुखबिरों को लगाया गया एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर चिन्हित करते हुये वायपास जीरो डिग्री में क्राइम ब्रांच एवं माढ़ोताल पुलिस ने दबिश देते हुये दिन्नु उर्फ दिनेश पिता स्व सोनेलाल चौधरी 25 वर्ष निवासी चमन नगर, गौरव अहिरवार उर्फ भोला पिता परसराम 24 वर्ष निवासी आईटीआई, प्रमोद चौधरी पिता कल्लू चौधरी 26 वर्ष निवासी शंकर नगर को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ करने पर दोनों वारदातें करना स्वीकार किया। पत्रकारवार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल बी.एस. गोठरिया, माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर वार्ड में 80 लाख की लागत से बनेंगी सीसी सड़कें

**कैंट विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन**



**नवभारत, जबलपुर।** कैंट विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अम्बेडकर वार्ड में लगभग 80 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी द्वारा किया गया। इन सीसी सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। लंबे समय से सड़क निर्माण की आवश्यकता महसूस कर रहे स्थानीय नागरिकों के लिए यह विकास कार्य महत्वपूर्ण साबित होगा।

भूमिपूजन के अवसर पर विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि कैंट विधानसभा क्षेत्र का निरंतर और सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी सहित बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने सीसी सड़क निर्माण कार्य की सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेंगर, पार्षद अनुराग दहिया, दशरथ पटेल, हेमराज सराठे, सुधीर बेन, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# डोर प्रीत की खींचे मोरा राम गाड़ीवान ने जीता हिंदी नाट्योत्सव

**पमरे में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में आयोजित एक दिवसीय क्षेत्रीय रेल हिंदी नाट्योत्सव-2026 में मुख्यालय की टीम ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में मुख्यालय समेत जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों तथा भोपाल एवं कोटा कारखानों के सांस्कृतिक अकादमी नाट्य दलों के करीब 90 रेलकर्मी रंगकर्मियों ने भाग लिया और छह नाटकों का मंचन किया। इनमें 'डोर प्रीत की खींचे मोरा राम गाड़ीवान' प्रथम, जबलपुर मंडल का 'पशु का अंत' द्वितीय और कोटा मंडल का 'लल्ला को ब्याह' तृतीय रहा। विजेता नाटक अब अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव में पश्चिम मध्य रेल का प्रतिनिधित्व करेगा। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कलाकारों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि नाटक मानवीय मूल्यों और सामाजिक घटनाओं को प्रभावी ढंग से जीवंत करने का सशक्त माध्यम है। समापन समारोह में प्रथम तीन स्थान प्राप्त नाटकों को ट्रॉफी, तीन अन्य दलों को प्रेरणा पुरस्कार तथा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 13 कलाकारों को व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## माता मरियम हमारे लिए एक महान आदर्श और मार्गदर्शक हैं : फादर भूषण पॉल

**नवभारत, जबलपुर।** निर्मला चर्च, कांचघर में स्वास्थ्य की माता मरियम के आदर में नवीना प्रार्थना की छठवें दिन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मुख्य याजक श्रद्धेय फादर भूषण पॉल, रेक्टर डॉन बॉस्को, जबलपुर, द्वारा ध्वजरोहण एवं मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 'माता मरियम हमारे आध्यात्मिक जीवन के लिए एक महान आदर्श और मार्गदर्शक है। माता मरियम का जीवन हमें सिखाता है कि, जब हम स्वयं को पूरी तरह से ईश्वर को सौंप देते हैं, तो उनका अनुग्रह हमारे जीवन में अद्भुत कार्य करता है। माता हमें सिखाती हैं कि जीवन में हमें ईश्वर की इच्छा को सुनना, चिंतन करना एवं सदैव आज्ञाकारी बने रहना आवश्यक है। शुक्रवार का आयोजन इंडस्ट्रियल कॉलोनी एवं पुलिस लाइन के विश्वासियों द्वारा किया गया। जिसमें पल्ली परिषद के पुष्पराज बर्नार्ड, रुपेश गायकवाड, सूजा बर्नार्ड, किरण टेलिस, नरेश विश्वकर्मा एवं क्षेत्र वासियों का सहयोग रहा।



# नि:शुल्क नेत्र शिविर में 284 मरीजों की हुई जांच

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ, जबलपुर एवं नरेंद्र अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में राइट टाउन स्थित प्रेम मंदिर के सामने नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर नेत्र जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी अग्रवाल द्वारा मरीजों की जांच की गई।जिसमें कुल 284 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मरीजों को नि:शुल्क आई ड्रॉप उपलब्ध कराई गईं, वहीं जरूरतमंद एवं गरीब मरीजों को नि:शुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए। शिविर में चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक डॉ. सुमन अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। प्रदेश सह संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. अश्विनी कुमार त्रिवेदी ने बताया कि जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया है, उनमें से चिन्हित 30 से 35 मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद सर्जरी कराई जाएगी। कार्यक्रम में महानगर संयोजक, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. विवेक जैन, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शुभम अवस्थी, डॉ. वीरेंद्र साहू एवं डॉ. श्रीकांत साहू सहित चिकित्सा प्रकोष्ठ के चिकित्सक बंधुओं की सहभागिता रही।

यात्री सेवा | लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और महापौर अन्नू ने किया पहले सफर, 40 बसें पहुंची शहर, कुल 100 बसों का होगा संचालन

# संस्कारधानी की सड़कों पर दौड़ीं आधुनिक एसी इलेक्ट्रिक बसें




**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर को बड़ी सौगात मिली है। शुक्रवार को 10 पीएम ई-बसों के सफल ट्रायल के साथ पीएम बस योजना का लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शुभारंभ किया। जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार की योजना के तहत जबलपुर में 100 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना तय हुआ है जिस क्रम में पहले चरण में नगर निगम जबलपुर को 40 बसें मिलीं हैं। 25 सीटर नई इलेक्ट्रिक बस पूरी तरह से सुविधाओं से लैस है।

इस दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने स्वयं बस में सिविल लाइन से गोरखपुर तक सफर कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह ई-बस सेवा संस्कारधानी के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगी, जो शहर को प्रदूषण मुक्त और सुगम यातायात प्रदान करेगी। ई-बस सेवा के इस ऐतिहासिक ट्रायल के अवसर पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार, अपर कलेक्टर आर.एस. राय, अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, सौरभ मिश्रा, सी.ई.ओ. सचिन विश्वकर्मा, शीतल उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेक राम सोनकर, अंशुल राघवेंद्र यादव, रजनी कैलाश साहू ने भी इलेक्ट्रिक बस का सफर किया।

### कुछ इस तरह है बसों का रूट

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि पीएम बस योजना अंतर्गत शुक्रवार को 10 बसों के साथ ट्रायल रन शुरू हुआ जिसमें मार्ग क्रमश: ई-1 मदर टेरेसा नगर से रांझी घाना वाया घमापुर के लिए 5 बसें एवं ई-9 आई.एस.बी.टी. से भेड़ाघाट वाया अंधमूक बायपास तक 5 बसें संचालित की गयी। वहीं कल से दोनों रूटों में 20 बसों का संचालन किया जायेगा। ई -1 बस के रूट में मदर टेरेसा से घाना - मदर टेरेसा, आई.टी.आई., दीनदयाल बस स्टैंड, विजय नगर, बलदेव बाग रानीताल, तीन पत्ती बस स्टैंड, नौदरा ब्रिज, घंटाघर, कलेक्ट्रेट, रेलवे प्लेटफॉर्म नंबर 6, हाई कोर्ट, घमापुर, बाई का बगीचा, कंचघर, सतपुला तिराहा, पनेहरा पेट्रोल पंप, व्हीकल टर्निंग, गोकलपुर, जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, रांझी, खमरिया पेट्रोल पंप, खमरिया फैक्ट्री, घाना शामिल रहेगा जबकि ई-9 बस के रूट में आई.एस.बी.टी. से भेड़ाघाट - आई.एस.बी.टी., दमोह नाका, बलदेव बाग, रानीताल, तीन पत्ती बस स्टैंड, शास्त्री ब्रिज, मदन महल, प्रेमनगर, शारदा चैक, त्रिपुरी चैक, मेडिकल, धवनत्री नगर तिराहा, अंधमुख बायपास, तेवर, त्रिपुरी सुंदरी मंदिर, कुदन, मिरगंज, भेड़ाघाट चैक, शिल्पी नगर, पंचवटी, धुआंधार शामिल है।